प्रधान मंत्री, लोकसभा अध्यक्ष सहित विभिन्न गणमान्य नेताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित की

...

राष्ट्र के लिए नेताजी का बलिदान हर भारतीय को प्रेरित करता है:श्री ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष

...

नेताजी के अदम्य साहस और चुनौतियों से लड़ने की शक्ति ने राष्ट्र को एक नई दिशा दी है: लोकसभा अध्यक्ष

...

'Know Your Leaders' (नो यौर लीडर्स) कार्यक्रम द्वारा चुने गए 80 युवा प्रतिभागियों ने भी नेताजी को श्रद्धांजलि दी

... .

नई दिल्ली, 23 जनवरी 2023: प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर उनकी जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कई केंद्रीय मंत्रियों, राज्य सभा में विपक्ष के नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, संसद सदस्यों और पूर्व सांसदों ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की। लोक सभा और राज्य सभा के महासचिव, क्रमशः श्री उत्पल कुमार सिंह और श्री पी.सी.मोदी और लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर 'Know Your Leaders' कार्यक्रम के तहत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के समन्वय से चयनित 80 युवा प्रतिभागियों ने भी संसद के केन्द्रीय कक्ष में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के इन युवाओं ने , मंत्रालयों द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता के रूप में इस कार्यक्रम में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। कई युवा प्रतिभागियों ने नेताजी के योगदान पर हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में बात की और उनके जीवन के प्रेरक आदर्शों को याद किया।

संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड), लोक सभा सचिवालय ने लोक सभा अध्यक्ष, के मार्गदर्शन में 'अपने नेताओं को जानिए' शीर्षक से यह नया कार्यक्रम शुरू किया है। 'अमृत काल' में युवाओं के बीच महान राष्ट्रीय नेताओ के जीवन और योगदान के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए यह कार्यक्रम प्रभावी सिद्ध हुआ है।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि राष्ट्र के लिए नेताजी का बलिदान हर भारतीय को प्रेरित करता है। उन्होंने नेताजी को महानायक बताते हुए कहा कि उनके संघर्ष और विचार युवाओं को राष्ट्र और समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित करते हैं। नेताजी के प्रेरक व्यक्तित्व के संदर्भ में श्री बिरला ने कहा कि राष्ट्र के प्रति नेताजी के योगदान को सभी भारतीयों को याद रखना चाहिए क्योंकि यह हमें नई ऊर्जा और संकल्प से भर देता है। उन्होंने कहा कि नेताजी के जीवन, उनके विचारों, उनकी देशभक्ति, उनके नेतृत्व, उनके अदम्य साहस, स्वाभिमान और चुनौतियों से लड़ने की ताकत ने राष्ट्र को एक नई दिशा दी है और सभी नागरिकों में राष्ट्रवाद की भावना को और मजबूत किया है।

स्पीकर श्री बिरला ने भारत के समृद्ध और गौरवशाली इतिहास में नेताजी के अटूट विश्वास का उल्लेख करते हुए कहा कि वे भारत को एक आत्मनिर्भर और आधुनिक राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे । श्री बिरला ने नेताजी को शक्ति और वीरता की प्रतिमूर्ति बताते हुए कहा कि उनके लिए कुछ भी असंभव नहीं था। उन्होंने कहा कि आज भारत नेताजी के दिखाए रास्ते पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और विश्व में अपना उचित स्थान ले चुका है।

जी20 में भारत के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि नेताजी की स्मृति दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम् के मंत्र को साकार करने के लिए प्रेरित करती है। नेताजी की जयंती पराक्रम दिवस का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि यह अवसर लोगों को नेताजी के संघर्षों, विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा देता है।

...